| प्रेस नोट–123/2026 |
| --- |
| दिनांक 01.03.2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद हरदोई/थाना शाहाबाद**

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 03 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **17 हजार 520 रूपये नगद**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 01.03.2026 को थाना शाहाबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शाहाबाद बाईपास के पास बाग में बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, जिसमें 02 आरक्षी घायल हो गये, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–यादराम उर्फ यादा 2–धर्मेन्द्र घायल हो गये, जिन्हें अभियुक्त 3–समोल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 17 हजार 520 रूपये नगद, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना शाहाबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त यादराम उर्फ यादा के विरूद्ध जनपद बरेली, पीलीभीत, खीरी के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, डकैती, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 22 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना शाहाबाद पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–यादराम उर्फ यादा निवासी नौगमा पकडिया थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत।

2–धर्मेन्द्र निवासी नौगमा पकडिया थाना सुनगढ़ी जनपद पीलीभीत।

3–समोल निवासी भरतपुर थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत।

**बरामदगी**

1–17 हजार 520 रूपये नगद।

2–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद चित्रकूट/थाना कोतवाली कर्वी**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की घटनाओं का अनावरण**
- **चोरी की सफेद धातु के आभूषण**
- **24 हजार रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 01.03.2026 को थाना कोतवाली कर्वी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रामसैया तिराहा के पास से 02 अभियुक्तों 1–दीपक 2–राजकुमार को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की सफेद धातु के आभूषण, 24 हजार रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक के विरूद्ध जनपद चित्रकूट के थाना कोतवाली कर्वी पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 01 दर्जन अभियोग, अभियुक्त राजकुमार के विरूद्ध जनपद चित्रकूट के थाना कोतवाली कर्वी पर चोरी आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली कर्वी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–दीपक निवासी कछारपुरवा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट।

2–राजकुमार निवासी काजीपुरवा थाना कोतवाली महोबा जनपद महोबा।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की सफेद धातु के आभूषण।

2–24 हजार रूपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

4–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**<u>जनपद सोनभद्र/थाना रॉबर्ट्सगंज</u>**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 150 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **01 मोबाइल फोन**
- **नगद रूपये**
- **01 कन्टेनर वाहन आदि बरामद**

दिनांक 28.02.2026 को थाना रॉबर्ट्सगंज व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार वाराणसी–शक्तिनगर मार्ग पर टाटा मोटर्स शो–रूम के आगे सड़क के किनारे से अभियुक्त अनन्ता द्वारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 150 किलोग्राम अवैध गांजा, 01 मोबाइल फोन, नगद रूपये, 01 कन्टेनर वाहन आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अनन्ता द्वारी निवासी नुनकापासी बोइंडा, थाना हण्डपा जनपद अंगुल, उड़ीसा।

**बरामदगी**

1–लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 150 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–01 मोबाइल फोन।

3–नगद रूपये।

4–01 कन्टेनर वाहन आदि।

**जनपद बागपत/थाना कोतवाली बागपत**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **95 पेटी अवैध देशी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त 03 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनांक 28.02.2026 को थाना कोतवाली बागपत, सर्विलांस व आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से 03 अभियुक्तों 1–आकाश 2–रोहित 3–अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 95 पेटी अवैध देशी शराब, घटना में प्रयुक्त 03 चार पहिया वाहन बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली बागपत पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–आकाश निवासी ग्राम बाघू थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत।

2–रोहित निवासी ग्राम बाघू थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत।

3–अंकित निवासी ग्राम बाघू थाना कोतवाली बागपत जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1–95 पेटी अवैध देशी शराब।

2–घटना में प्रयुक्त 03 चार पहिया वाहन।

- **<u>कमिश्नरेट गाजियाबाद (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 01 करोड़ 89 लाख 60 हजार रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस ने अभियुक्त 1–दिनेश उर्फ मोनू उर्फ राहुल 2–पंकज उर्फ सोनू 3–मोंटी पुत्रगण राजेश निवासी मं0नं0–127ए दौलतपुरा थाना कोतवाली, गाजियाबाद द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 01 करोड़ 89 लाख 60 हजार रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

––––––